# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार, 6 जुलाई को अपने सदस्यों की बैठक बुलाई है, जिसमें ट्रस्ट द्वारा प्राप्त दान की गिनती की जांच कर रही विशेष जांच टीम –एसआईटी के निष्कर्षों सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय मामलों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। 28 जून को जारी एक आधिकारिक नोटिस के अनुसार, ट्रस्ट के अध्यक्ष की स्वीकृति से कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि द्वारा बैठक बुलाई गई है। यह बैठक मणि राम दास छावनी, अयोध्या धाम, में आयोजित की जाएगी। बैठक की कार्यसूची में महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा द्वारा प्रस्तुत त्यागपत्रों पर विचार करना शामिल है। सदस्यों को ट्रस्ट के दान पेटियों के माध्यम से प्राप्त दान की गिनती के संबंध में एसआईटी की अंतरिम रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ द्वारा की जाएगी। राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि यह व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है। इसके तहत लखनऊ एवं प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इन श्रेणी के सभी लंबित और नए वाद अब विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी।

**********

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज उत्तर प्रदेश के अपने दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। लखनऊ पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान, प्रदेश के दोनो उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई मंत्रियों तथा पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्य भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ लखनऊ में रोड शो किया। इस दौरे के दौरान, वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ कई संगठनात्मक बैठकें करेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपीटीईटी की तीसरे और अंतिम दिन की परीक्षा आज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। अंतिम दिन सिर्फ एक पाली में परीक्षा का आयोजन किया गया। एक रिपोर्ट–

**उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय यूपीटीईटी परीक्षा को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। परीक्षा के दौरान आयोग की ओर से इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की एआई कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की गई। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा है कि यूपीटीईटी परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी अग्रिम सूचना के लिए आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर नजर बनाये रखें। समाचार कक्ष से रितेश।**

**********

प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल–ईवी चार्जिंग को बढ़ावा देने के लिये सोलर आवर्स में बीस प्रतिशत टैरिफ छूट की व्यवस्था लागू की गयी है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे स्वच्छ और हरित ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। टैरिफ में यह छूट सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मिलेगी।

**********

प्रदेश सरकार ने 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना के अंतर्गत लौंगलता को वाराणसी जिले के लिए चयनित किया है। इस व्यंजन को भौगोलिक पहचान–जीआई टैग भी हासिल है। वाराणसी के उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि योजना में शामिल होने से बनारसी लौंगलता के कारोबार से जुड़े लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा।

**सरकार ने एक जनपद, एक व्यंजन के रूप में बनारसी लौंगलता को जो कि 2025 में भौगोलिक संकेतक यानी जीआई टैग प्राप्त है को सम्मिलित किया है। इससे यहाँ के जितने भी लोग जो बनारसी लौंगलता बनाते हैं, उसको आगे बढ़ाने के लिए सरकार योजनाएँ ला रही हैं। उस योजना में पहला है उनको ऋण दिया जाएगा, जिसमें उनको 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी सरकार के द्वारा।**

**********

सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि बीस प्रतिशत एथेनॉल मिले ईंधन से गाड़ियों का माइलेज कम हो जाता है, जो कि गलत और भ्रामक है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने बड़े पैमाने पर परीक्षण किए। इन परीक्षणों में गाड़ियों की ईंधन दक्षता पर कोई खास असर नहीं देखा गया।

**********

राज्य के मध्य और पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में आज मानसूनी वर्षा हुई जबकि गोरखपुर सहित पूर्वी जिलों में उमस भरी गर्मी का दौर बना रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में कल भी उमस भरी गर्मी जारी रहने का अनुमान जताया है।

**********